**2026**

**प्रतिदर्श प्रश्न पत्र - लेखाशास्त्र (सैद्धांतिक)**

**ACCOUNTANCY (THEORY)**

**समय: 3 घंटे** **पूर्णांक: 80**

**Time:3Hours** **Max.Mark: 80**

निर्देश: (1)यह प्रश्न पत्र तीन भागों में विभक्त है: क,ख तथा ग।

Directions: This question paper is divided into three parts: A,B and C.

2. भाग 'क' सभी परीक्षार्थियों के लिए अनिवार्य है।

part A is compulsory for all candidates.

3. भाग 'ख' तथा 'ग' में से कोई एक भाग हल करना है।

Any one part from part B and A is to be attempted.

4. प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

Marks allotted to the questions are mentioned against them.

5. प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा समुचित उत्तर दीजिए।

Read each question carefully and answer to the point.

6. प्रश्न संख्या 1 तथा 18 बहुविकल्पी प्रश्न हैं।इन प्रश्नों के प्रत्येक खंड के उत्तर में चार विकल्प दिए गए हैं।सही विकल्प अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।

7. Question number 1 and 18 are multiple choice questions. Four options are given in answer of each part of these questions. Write correct option in your answer book.

7.इस प्रश्न पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है तथापि कतिपय प्रश्नों के आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है।ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।

There is no overall choice in this Question paper, however, an internal choice has been provided in few questions. Attempts only one of the given choices in such questions.

## भाग क (लेखाशास्त्र)

## Part A (ACCOUNTANCY)

1 (क) साझेदारी अनुबंध के अभाव में साझेदार__ (1)

1) पूंजी अनुपात में लाभ का विभाजन करते हैं।
2) अतिरिक्त विक्री के लिए कमीशन प्राप्त करते हैं।
3) ऋण तथा अग्रिमों पर ब्याज प्राप्त करते हैं ।
4) अतिरिक्त घंटों के लिए वेतन प्राप्त करते हैं।
5) पूंजी पर ब्याज प्राप्त करते हैं।

(i) 1,4 तथा 5 (ii) 2 तथा 3

(iii) केवल 3 (iv) 1 तथा 3

In the absence of deed, partners are entitled to-------

1. profit share in capital ratio
2.Commissional for making additional sale
3.Interest on loan and advances by them to firm
4.Salary for working extra hours
5.Interest on capital.

Codes:

(i)1, 4 and 5 (ii)2 and 3

(iii)Only 3 (iv) 1 and 3

(ख) अ, ब तथा स एक फर्म में साझेदार हैं जो 5:3:2 के अनुपात में लाभ हानि का बंटवारा करते हैं। यदि वर्ष के अंत में ब का लाभ 150,000 ₹ हो तो A का लाभ कितना होगा? (1)

A, B and C are partners in the firm sharing profits in the ratio of 5:3:2. If B's share of profit at the end of the year amounted to ₹ 150,000, What will be A,'s share of profit?

(i). ₹ 200,000

(ii). ₹ 250,000

(iii). ₹ 300,000

(iv). ₹ 350,000

(ग) पी, क्यू तथा आर 5:3:2 के अनुपात में लाभ हानि का बंटवारा करते हैं। उनका नया लाभ विभाजन अनुपात बराबर है। किस साझेदार ने त्याग किया है और कितना? (1)

P Q and R are partners sharing profits and losses in the ratio of 5:3:2.Their new profit sharing ratio will be equal. Which partner has sacrificed and by how much?

(i) Q-4/30 (ii) R-1/30

(iii) P,5/30 (iv) Q-1/30/ and R-4/30

(घ) कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 52 के अनुसार,प्रतिभूति प्रीमियम संचय का प्रयोग नहीं किया जा सकता है (1)

(i) पूंजीगत हानि को अपलिखित करने के लिए
(ii) पूर्ण प्रदत्त बोनस अंशों के निर्गमन के लिए
(iii) प्रतिभूतियों के निर्गमन पर कटौती को अपलिखित करने के लिए
(iv) प्रारंभिक व्यय अपलिखित करने के लिए

As per section 52 of companies act ,2013, securities premium reserve cannot be utilized for
(i) Writing off capital losses
(ii)issue of fully paid bonus shares
(iii) Writing off discount on issue of securities
(iv) Writing off preliminary expenses

(ङ) एलेक्स लिमिटेड ने श्री लिमिटेड से ₹800,000 में भवन खरीदा।प्रतिफल के रूप में 100,₹ मूल्य वाले 6% ऋणपत्र 20% कटौती पर निर्गमित किए। 6% ऋणपत्र खाता क्रेडिट किया जाएगा (1)

i) ₹ 10,40000
ii) ₹10,00,000
iii) ₹9,60,000
iv) ₹640,000

Alexa limited purchased building from shri limited for ₹ 800,000. The consideration was paid by issue of 6% debentures of ₹ 100 each at a discount of 20%.the 6% debentures account is credited with
(i)₹ 10,40000
(ii)₹ 10,00,000
(iii)₹ 9,60,000
(iv)₹ 6,40,000

(च) अमला,बिमला और कविता साझेदार हैं जो 4:3:1 के अनुपात में लाभों का बंटवारा करते हैं।बिमला सेवानिवृत्त होती है तथा अपने लाभ का भाग अमला को 3600₹ में तथा कविता को ₹3000 में देती है।अमला तथा कविता का प्राप्ति अनुपात होगा (1)

i) 4:5 ii) 2:1 iii) 6:5 iv) 4:1

Amla, Bimla and kavita are partners sharing profits and losses in the ratio of 4:3:1.Bimla retires and gives her share of profit to Amla for ,₹ 3600 and to kavita for₹ 3000.The gaining ratio of Amla and kavita will be
(i)4:5 (ii)2:1 (iii)6:5 (iv)4:1

(छ) जीरो कूपन बॉन्ड निर्गमित किए जाते हैं (1)

i) शून्य ब्याज दर पर
ii) निश्चित ब्याज दर
iii) अनिश्चित ब्याज दर पर
iv) उपरोक्त में से कोई नहीं

Zero coupan bonds are issued
i. at zero interest rate
ii. with specified rate of interest
iii. without specified rate of interest
iv. None of the above

निर्देश प्रश्न संख्या 1 के अगले 2 खंडों में,दो कथनों को अभिकथन( A) तथा कारण (R) के रूप में चिन्हित किया गया है।निम्नलिखित विकल्पों 1 2 3 तथा 4 में से चुनकर इनका सही उत्तर दीजिए।

Direction : In the next to parts of question number 1 there are two statements labelled as assertion A and reason R. From the following option 123 and 4, select their correct answer.

i. A तथा R दोनों सही है तथा R, A की सही व्याख्या करता है।
Both a and R correct and are is correct explanation of a
ii. A तथा R दोनों सही हैं परंतु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।
Both A and R are correct but R is not the correct explanation of A
iii. A सही है परंतु R गलत है।
A is correct but R is incorrect.
iv. A तथा R दोनों गलत हैं
Both A and R are incorrect

(छ) अभिकथन (A)- किसी अवयस्क को साझेदारी में एक साझेदारी के रूप में प्रवेश नहीं दिया जा सकता है।
कारण (R)- एक अवयस्क को फर्म के लाभ का हिस्सा दिया जा सकता है।
Assertion (A)- a minor cannot be admitted in a firm as a partner
Reason (R)- a minor can participate in the profits of a firm

(ज) अभिकथन (A)- सेवानिवृत्त होने वाले साझेदार को संचय में,लाभ तथा हानि में अपना हिस्सा प्राप्त करने का अधिकार है।
कारण (R) -उपलब्ध लाभ तथा हानि सभी साझेदारों के प्रयासों से अर्जित की जाती है।

Assertion (A)-The retiring partner is entitled to his share of reserves, profits and losses.
Reason(R)-The existing profits and reserves are earned with the efforts of all the partners.

नोट:प्रश्न संख्या 2 तथा 3 में दिए गए कथनों के सम्मुख 'सत्य' अथवा 'असत्य' अंकित कर उन्हें अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।
Note: in question number 2 and 3 mark true or false against the given statements and write them in your answer book.

2.जब एक नया साझेदार , साझेदारी फर्म में प्रवेश करता है तो फर्म का पुनर्मूल्यांकन किया जाता है। (1)
When a new partner enters into a firm, the firm is reconstituted.

3.अंशों के हरण से अंशपूजी कम हो जाती है। (1)
Forfeiture of shares results in the reduction of share capital.

4.क्या संचित पूंजी को कंपनी के जीवनकाल में विघटन के अतिरिक्त मांगा जा सकता है? (1)
Can Reserve capital be called during the life of the company except its liquidation?

5. ऋणपत्रधारी कंपनी के-----होते हैं। (1)
Debentureholders are the----of the company.

6.पी, क्यू तथा आर साझेदार हैं जो लाभ हानि का विभाजन 5:3:2 के अनुपात में करते हैं।पी अपने हिस्से का 1/3 तथा क्यू अपने हिस्से का 1/4 भाग आर के पक्ष में करते हैं।नए लाभ विभाजन अनुपात तथा त्याग अनुपात की गणना कीजिए। (2)
P, Q and R are partners sharing profits and losses in the ratio of 5:3:2. P sacrifices 1/3rd of his share and Q sacrifices 1/4th of his share in favor of R. Find new profit sharing ratio and sacrificing ratio.

7. विशाल भारद्वाज के आहरण पर ब्याज की गणना कीजिए जबकि आहरण पर ब्याज की दर 10% वार्षिक है (2)
केस 1.यदि वह प्रत्येक माह के प्रारंभ में ₹ 5000 आहरण करता है।
केस 2 यदि वह प्रत्येक माह के अंत मैं ₹ 5000 का आहरण करता है।
Calculate the interest on drawings of Mr. Vishal Bhardwaj @ 10% per annum in each of the following alternative cases.
Case 1. If he withdrew ₹ 5,000 per month in the beginning of every month.
Case 2. If he withdrew ₹ 5,000 per month at the end of every month

8.अंश तथा ऋणपत्र में कोई दो अंतर बताइए। (2)
Write any two differences between shares and Debentures

9.निम्नलिखित का अर्थ लिखिए: (1+1=2)
1.सुरक्षित/बंधक ऋणपत्र
2 परिवर्तनीय ऋणपत्र
Write the meaning of the following
1.Secured/Mortgage debenture
2.Convertible Debenture

10. A तथा B साझेदार हैं जो 3:2 के अनुपात में लाभ हानि का विभाजन करते हैं।फर्म परिवर्तनशील पूंजी खाते रखती है तथा इसका शेष 31 मार्च 2020 को A तथा B के लिए क्रमशः ₹ 1,60,000 तथा ₹ 1,40,000 है। प्रत्येक ने वर्ष के अंतर्गत ₹30,000 का आहरण किया। साझेदारी संलेख के अनुसार प्रारंभिक पूंजी पर @10% वार्षिक की दर से ब्याज लगाया जाता है। साझेदारों की प्रारंभिक पूंजी की गणना कीजिए जबकि वर्ष के लाभ ₹ 90,000 हैं। अपनी गणना को स्पष्ट रूप से दिखाइए।

A and B are partners in the ratio of 3:2. The firm maintains fluctuating capital accounts and the balance of the same as on 31st March 2020 amounted to ₹ 1,60,000 and ₹ 1,40,000 for A and B respectively. Their drawings during the year were ₹ 30,000 each. As per partnership deed, interest on capital @ 10%p.a. on opening capital had been provided to them Calculate opening capitals of partners given that their profits were ₹90,000. Show your workings clearly.

11. A, B तथा C साझेदार हैं जो 1:1:1 के अनुपात मैं लाभ हानि का विभाजन करते हैं। उनकी स्थाई पूंजी 31 दिसंबर 2023को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए क्रमशः ₹30,000 ₹15,000 तथा ₹10,000 थी। पूंजी पर ब्याज 9% वार्षिक के स्थान पर 10% वार्षिक की दर से लगाया गया। आवश्यक समायोजन प्रविष्टि कीजिए। (4)
A, B and C are partners sharing profits the ratio 1 :1:1. There fix capitals were ₹20,000, ₹ 15,000 and 10,000 respectively for the year ended 31 December 2023.Interest on capital was credited to them @10% per annum instead of 9% per annum. Record necessary adjustment entry.

Or

पुनर्मूल्यांकन खाते तथा विघटन/वसूली खाते में अंतर स्पष्ट कीजिए।
Differentiate between Revaluation account and Realisation account.

12. दिशा लिमिटेड ने ₹ 100 मूल्य वाले 500 अंशों का हरण किया जो 10% प्रीमियम पर जारी किए गए थे जिसमें से ₹ 90 प्रदत्त थे,जिनमें से अंशधारकों ने ,₹ 30 प्रति अंश आबंटन पर(प्रीमियम सहित) तथा प्रथम याचना पर ₹ 20 का भुगतान नहीं किया।इनमें से 300 अंशों को पूर्ण प्रदत्त ₹ 80 प्रति अंश पुनः निर्गमित कर दिया।
अंशों के हरण तथा पुनर्गमन की आवश्यक प्रविष्टि कीजिए। (4)

Disha limited forfeited 500 shares of ₹100 each issued at 10% premium ₹ 90 called up, on which the shareholders did not pay ₹ 30 per share on allotment (including premium) and first call of ₹20 per share. Out of these, 300 shares were reissued for ₹80 per share, fully paid up.
Pass necessary journal entries for forfeiture and reissue of shares.

13. घनश्याम लिमिटेड की पुस्तकों में 12% ऋण पत्रों के निर्गमन के संबंध में निम्न दशाओं में आवश्यक जनरल प्रविष्टियां कीजिए।

1. 1000, 12% ऋण पत्र ₹,100 मूल्य वाले ,10% प्रीमियम पर जारी किए, तथा जो 5% प्रतिशत प्रीमियम पर शोध् नीय हैं । (2)

2. 5000,12% ऋणपत्र प्रत्येक ₹100 मूल्य वाले 10% प्रीमियम पर जारी किए जो सम मूल्य पर शोध् नीय हैं। (2)

Pass the necessary journal entries for issue of 12% debentures in the books of Ghanshyam limited in the following cases:

1. Issued 1000, 12% debentures of rupees 100 each at a premium of 10%, redeemable at a premium of 5%.
2. Issued 5000, 12% debentures of rupees 100 each at a premium of 10%, redeemable at par.

14. भूमि तथा छवि साझेदार हैं जो लाभ हानि का विभाजन 5:3 के अनुपात मैं करते हैं।उन्होंने अदिति को 1 अप्रैल 2022 को साझेदारी में प्रवेश दिया।उक्त तिथि को उनका चिट्ठा निम्न प्रकार था। (6)

| **देयताएँ (Liabilities)** | **राशि (₹)** | **संपत्तियाँ (Assets)** | **राशि (₹)** |
|---|---|---|---|
| पूंजी खाते: | | मशीनरी | 3,80,000 |
| भूमि 3,20,000 | | फर्नीचर | 50,000 |
| छवि 3,40,000 | 6,60,000 | देनदार | 2,30,000 |
| सामान्य आरक्षित निधि | 60,000 | स्टॉक | 1,50,000 |
| बैंक ऋण | 80,000 | नकद | 50,000 |
| लेनदार | 60,000 | | |
| | **8,60,000** | | **8,60,000** |

उन्होंने अदिति को फर्म में 1/3 भाग के लिए साझेदार बनाया।
1.अदिति अपनी पूंजी के लिए ₹ 3,00,000 लाएगी।
2.अदिति अपने हिस्से की ख्याति नकद लाएगी। ख्याति का मूल्यांकन गत तीन वर्षो के औसत लाभ के दो वर्ष के क्रय मूल्य के बराबर किया गया।गत तीन वर्षो के औसत लाभ ₹ 60,000 थे।
3.मशीनरी का पुनर्मूल्यांकन ₹ 4,60,000 में किया गया।
3.भूमि और छवि कीपूंजी का समायोजन अदिति की पूंजी के आधार पर चालू खाता खोलकर किया गया।
पुनर्मूल्यांकन खाता तथा साझेदारों के पूंजी खाते तैयार कीजिए।

Bhoomi and Chavi were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 5:3.They admitted Aditi in the firm on 1st April2022. On that date their balance sheet was as follows.

| **Liabilities** | **Amt (₹)** | **Assets** | **Amt (₹)** |
|---|---|---|---|
| Capital A/cs: | | Machinery | 3,80,000 |
| Bhumi 3,20,000 | | Furniture | 50,000 |
| Chhavi 3,40,000 | 6,60,000 | Debtors | 2,30,000 |
| General Reserve | 60,000 | Stock | 1,50,000 |
| Bank Loan | 80,000 | Cash | 50,000 |
| Creditors | 60,000 | | |
| | **8,60,000** | | **8,60,000** |

Aditi was admitted in the firm with1/3share in profits on the following terms.
1.Aditi will bring ₹3,00,000 as her capital.
2.Aditi will bring her share of goodwill premium in cash. Goodwill of the firm was valued on the basis of two years purchase of average profits of the last three years. Average profits of last three years were₹60,000.
3.Machinery was revalued at ₹4,60,000
4.The capitals of Bhoomi and Chavi were adjusted on the basis of Aditi's capital by opening current accounts.
Prepare revaluation account and partner's capital accounts.

15. अजंता लिमिटेड ने 5,00,000 समता अंश प्रत्येक ₹10 मूल्य वाले, 10% प्रीमियम पर जारी किए।राशि निम्न प्रकार देय थी।
आवेदन पर---₹3 प्रति अंश
आबंटन पर(प्रीमियम सहित)__₹5 प्रति अंश
प्रथम तथा अंतिम याचना पर---₹ 3 प्रति अंश

6,00,000 अंशों के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हुए तथा सभी आवेदकों को आनुपातिक आधार पर आबंटन किए गए।आवेदन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का उपयोग आबंटन हेतु किया गया।सुमित, जिसके पास 1000 अंश थे आबंटन तथा प्रथम और अंतिम याचना का भुगतान न कर सका, उसके अंशों का हरण कर लिया गया।
अजंता लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियां कीजिए।जहां आवश्यक हो अवशिष्ट याचना खाता खोलिए।

(6)

Ajanta limited issued a prospectus inviting applications forissuing5,00,000 equity shares of ₹ 10 each issued at a premium of 10%.the amount was payable as follows:
On application ---₹ 3 per share
On allotment (including premium) ---₹ 5 per share
On first and final call---₹ 3 per share
Applications were received for 6,00,000 shares and pro rata allotment was made to all applicants. excess money received on application was adjusted towards sums due on allotment. All amounts were duly received except from Sumit ,who was the holder of 1,000 shares,and failed to pay the allotment and first and final call. his shares were forfeited.
Pass journal entries for the above transactions in the books of Ajanta Ltd. Open calls in arrears account wherever necessary.

OR

15) ऋणपत्रों के शोधन से आप क्या समझते हैं?ऋणपत्रों के शोधन की विभिन्न विधियों का वर्णन कीजिए।
What do you mean by redemption of debentures? Explain different methods of redemption of debentures.

16. अरुण, वरुण और करण साझीदार थे, जो लाभ को **4 : 3 : 3** के अनुपात में बाँटते थे।

**दिनांक 31 मार्च, 2015 को उनकी बैलेंस शीट** निम्न प्रकार थी —

| **देयताएँ** | **₹** | **परिसंपत्तियाँ** | **₹** |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 17,000 | नकद | 8,000 |
| बिल देय | 12,000 | देनदार | 18,000 |
| करण का ऋण | 28,000 | बिल प्राप्ति | 9,000 |
| पूँजी खाते | | फर्नीचर | 27,000 |
| — अरुण | 70,000 | मशीनरी | 1,25,000 |
| — वरुण | 68,000 | करण का पूँजी | 13,000 |
| | **1,95,000** | | **1,95,000** |

**30 सितंबर, 2015** को करण की मृत्यु हो गई।
साझेदारी विलेख (Partnership Deed) के अनुसार, मरे हुए साझीदार के उत्तराधिकारियों को निम्नलिखित प्रदान किया जाएगा:
(i) **फर्म की गुडविल** — पिछले चार वर्षों के औसत लाभ के **तीन वर्ष की खरीद** के आधार पर गणना की जाएगी।
पिछले चार वर्षों के लाभ क्रमशः ₹1,90,000, ₹1,70,000, ₹1,80,000 और ₹1,60,000 थे।
(ii) **मृत्यु की तिथि तक लाभ में उसका हिस्सा**, जो औसत लाभ के आधार पर गणना किया जाएगा।
(iii) **8% वार्षिक ब्याज** उसकी पूँजी खाते पर, यदि उसकी पूँजी खाते में शेष राशि (Credit Balance) हो।
(iv) **12% वार्षिक ब्याज** उसके ऋण पर।
करण का खाता तैयार कीजिए जिसे उसके उत्तराधिकारियों (Executors) को प्रस्तुत किया जाएगा, यह मानते हुए कि उसका ऋण और ब्याज, दोनों, उसके पूँजी खाते में स्थानांतरित कर दिए गए हैं। (6)

Arun, Varun and Karan were partners in a firm sharing profits in the ratio of 4: 3 : 3 on 31st March 2024, their balance sheet was as follows

Balance sheet
As at 31 march 2024

| **Liabilities** | **₹** | **Assets** | **₹** |
|---|---|---|---|
| Creditors | 17,000 | Cash | 8,000 |

| Liabilities | ₹ | Assets | ₹ |
|---|---|---|---|
| Bills Payable | 12,000 | Debtors | 18,000 |
| Karan's Loan | 28,000 | Bills Receivable | 9,000 |
| Capital A/cs: | | Furniture | 27,000 |
| — Arun | 70,000 | Machinery | 1,25,000 |
| — Varun | 68,000 | Karan's Capital | 13,000 |
| | **1,95,000** | | **1,95,000** |

On 30 September 2024, Karan died. the partnership deed provided for the following to the executor s of the deceased partner.

1.His share in the goodwill of the firm calculated on the basis of three year's purchase of the average profits of the last four years. the profits of the last four years were₹ 1,90,000, ₹ 1,70,000,₹ 1,80,000 and ₹ 1,60,000 respectively.

2.His share in the profits of the firm till the date of his death calculated on the basis of the average profits of the last four years.

3.Interest @8,% per annum on the credit balance, if any, in his capital account.

4.Interest on his loan @ 12% per annum.

Prepare Karan's capital account to be presented to his executors, assuming that his loan and interest on loan were transferred to his capital account.

OR

A, B और C 3:2:1 के अनुपात में लाभ और हानियों का विभाजन करते हुए साझेदार हैं।31 मार्च 2021 को उनका आर्थिक चिट्ठा निम्नलिखित था:

| **पूँजी और दायित्व** | ₹ | **संपत्तियाँ** | ₹ |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 9,500 | बैंक | 1,250 |
| देय बिल | 2,500 | देनदार 8,000<br>-प्रावधान 250 | 7,750 |
| बैंक ओवरड्राफ्ट | 6,000 | स्टॉक | 12,500 |
| पूँजी खाता : | | मोटर | 4,000 |
| — A 20,000 | | मशीनरी | 17,500 |
| — B 15,000 | | भवन | 22,500 |
| — C 12,500 | 47,500 | भूमि | 34,500 |
| बैंक ऋण | 34,500 | | |
| | **1,00,000** | | **1,00,000** |

उक्त तिथि को B निम्नलिखित शर्तों पर अवकाश ग्रहण करता है:

1.फर्म की ख्याति को ₹ 11,000 मूल्यांकित किया जाएगा।

2.मशीनरी पर 10% तथा मोटर पर 15% ह्रास किया जाएगा।

3.स्टॉक पर 20% तथा भवन पर 10% अभिवृद्धि किया जाएगा।

4. संदिग्ध ऋणों पर प्रावधान ₹ 975 बढ़ा दिया जाएगा।

5.कर्मचारियों के क्षतिपूर्ति पर दायित्व का निर्माण ₹ 825 तक किया जाएगा।

लाभ हानि समायोजन खाता तथा साझेदारों के पूंजी खाते बनाइए।

A,B and C are partners sharing profits and losses in the ratio of 3:2:1.their balance sheet as on 31 March,2021 was as under

| **पूँजी और दायित्व (Liabilities)** | ₹ | **संपत्तियाँ (Assets)** | ₹ |
|---|---|---|---|
| Creditors | 9,500 | Banmk | 1,250 |
| Bills Payable | 2,500 | Debtors 8,000<br>-Provision 250 | 7,750 |
| Bank Overdraft | 6,000 | Stock | 12,500 |
| Capital Accounts | | Motor | 4,000 |
| — A 20,000 | | Machinery | 17,500 |
| — B 15,000 | | Building | 22,500 |

| पूँजी और दायित्व (Liabilities) | ₹ | संपत्तियाँ (Assets) | ₹ |
|---|---|---|---|
| — C 12,500 | 47,500 | Land | 34,500 |
| Bank Loan | 34,500 | | |
| | **1,00,000** | | **1,00,000** |

B retires on that date subject to the following conditions:
1.Goodwill of the firm is to be valued at ₹ 9,000.
2.machinery would be depreciated by 10% and motor by 15%.
3.Stock would be appreciated by 20% and buildings by 10%
4.The provision for doubtful debts would be increased by ₹ 975.
5.liabilities for workmen s compensation to the extent of ₹825 would be created.
Prepare profit and loss adjustment account and capital accounts of partners.

17. **प्रकरण 1 (Case 1)**
स्टर्लिंग एंटरप्राइज़ेज़ एक साझेदारी फर्म है जो विद्युत उपकरणों के उत्पादन और बिक्री के व्यवसाय में संलग्न है। इस फर्म के साझीदार रयान, विलियम्स और सानिया हैं। उनके लाभांश का अनुपात 5 : 5 : 4 है और उनकी पूंजी अंशदान क्रमशः ₹5,00,000, ₹5,00,000 और ₹4,00,000 है, अर्थात पूंजी का अनुपात भी 5 : 5 : 4 है।
यह निर्णय लिया गया कि वे अपनी-अपनी पूंजी को दुगना करेंगे। रयान और विलियम्स ने यह कार्य पूरा किया, परंतु सानिया कुछ अनिवार्य कारणों से ऐसा नहीं कर सकी। अंततः यह तय किया गया कि जो पूंजी की कमी रह गई है उसे पूरा करने के लिए एक नया साझीदार एजाज़ को फर्म में सम्मिलित किया जाएगा। एजाज़ वह राशि लाएगा जो सानिया नहीं ला सकी, और उसे सानिया के हिस्से के आधे हिस्से के बराबर लाभांश का हिस्सा दिया जाएगा, जो सानिया ही त्याग करेगी।
इस समझौते के अनुसार, एजाज़ को साझीदार के रूप में सम्मिलित किया गया। उसने आवश्यक पूंजी के साथ-साथ ₹30,00,000 सद्भावना (Goodwill) के प्रीमियम के रूप में लाए।
उपरोक्त जानकारी के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

---

**प्रश्न (Questions)**
(i) रयान, विलियम्स, सानिया और एजाज़ का **नया लाभांश अनुपात (New Profit Sharing Ratio)** क्या होगा? (1)
(A) 1 : 1 : 1 : 1 (B) 5 : 5 : 8 : 8
(C) 5 : 5 : 4 : 4 (D) उपरोक्त में से कोई नहीं
(ii) नए साझीदार **एजाज़ द्वारा लाई गई पूंजी की राशि** क्या थी? (1)
(A) ₹1,35,00,000 (B) ₹30,00,000
(C) ₹1,50,00,000 (D) दिए गए आँकड़ों से निर्धारित नहीं किया जा सकता
(iii) फर्म की **सद्भावना (Goodwill)** का मूल्य क्या है? (2)
(A) ₹1,35,00,000 (B) ₹30,00,000
(C) ₹1,50,00,000 (D) दिए गए आँकड़ों से निर्धारित नहीं किया जा सकता
(iv) एजाज़ द्वारा लाई गई **सद्भावना के प्रीमियम के वितरण के लिए सही जर्नल प्रविष्टि (Journal Entry)** क्या होगी? (2)

(A) एजाज़ पूंजी खाता Dr ₹30,00,000
सानिया का पूंजी खाता का ₹30,00,000
(विवरण ...............)
(B) सद्भावना प्रीमियम खाता Dr ₹30,00,000
सानिया का पूंजी खाता का ₹30,00,000
(विवरण ...............)
(C) सद्भावना प्रीमियम खाता Dr ₹30,00,000
रयान का पूंजी खाता का ₹8,33,333
विलियम्स का पूंजी खाता का ₹8,33,333
एजाज़ का पूंजी खाता का ₹13,33,333
(विवरण ...............)
(D) सद्भावना प्रीमियम खाता Dr ₹30,00,000
रयान का पूंजी खाता का ₹10,00,000
विलियम्स का पूंजी खाता का ₹10,00,000
एजाज़ का पूंजी खाता का ₹10,00,000
(विवरण ...............)

**Case 1**
Sterling Enterprises is a partnership firm engaged in production and sales of electrical items and equipment.

The partners Ryan, Williams and Sania as Partners profit sharing ratio 5 : 5 : 4 and their capital contributions were ₹ 5,00,000, ₹ 5,00,000 and ₹ 4,00,000 respectively with the ratio of 5 : 5 : 4.
It was decided that they would bring in further capitals double their respective capitals. This was duly followed by Ryan and Williams but due to unavoidable reasons Sania could not do so and ultimately, it was agreed that to bridge the shortfall in the required capital, a new partner Ejaz should be admitted who would bring in the amount that Sania could not bring and that the new partner would get share of profits equal to half of Sania's share which would be sacrificed by Sania only.
Consequent to this agreement Ejaz was admitted and he brought in the required capital and ₹ 30,00,000 as premium for goodwill. Based on the above information you are required to answer the following questions.

---

**Questions**
(i) What will be the new profit sharing ratio of Ryan, Williams, Sania and Ejaz?
(A) 1 : 1 : 1 : 1 (B) 5 : 5 : 8 : 8
(C) 5 : 5 : 4 : 4 (D) None of the above
(ii) What was the amount of capital brought in by the new partner Ejaz?
(A) ₹ 1,35,00,000 (B) ₹ 30,00,000
(C) ₹ 1,50,00,000 (D) Cannot be determined from the given data
(iii) What is the value of the goodwill of the firm?
(A) ₹ 1,35,00,000 (B) ₹ 30,00,000
(C) ₹ 1,50,00,000 (D) Cannot be determined from the given data
(iv) What will be the correct journal entry for distribution of premium for goodwill brought in by Ejaz?
(A) Ejaz Capital A/c ......Dr ₹ 30,00,000
To Sania's Capital A/c ₹ 30,00,000
(Being ...............)
(B) Premium for Goodwill A/c ......Dr ₹ 30,00,000
To Sania's Capital A/c ₹ 30,00,000
(Being ...............)
(C) Premium for Goodwill A/c ......Dr ₹ 30,00,000
To Ryan's Capital A/c ₹ 8,33,333
To Williams' Capital A/c ₹ 8,33,333
To Ejaz's Capital A/c ₹ 13,33,333
(Being ...............)
(D) Premium for Goodwill A/c ......Dr ₹ 30,00,000
To Ryan's Capital A/c ₹ 10,00,000
To Williams' Capital A/c ₹ 10,00,000
To Ejaz's Capital A/c ₹ 10,00,000
(Being ...............)

## भाग - 'ख' (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)
## Part - 'B' (Analysis of Financial Statements)

18(क). निम्नलिखित में से किससे नकद प्रवाह होगा? (1)
(A) बैंक से ₹50,000 नकद निकाला गया
(B) ₹2,00,000 के 9% डिबेंचर मशीनरी के विक्रेताओं को जारी किए गए
(C) देनदारों से ₹30,000 प्राप्त हुए
(D) ₹20,000 के चेक बैंक में जमा किए गए
Which of the following will result in flow of cash?
(A) Cash withdrawn from the bank ₹50,000
(B) ₹2,00,000, 9% debentures issued to vendors of machinery
(C) ₹30,000 received from debtors
(D) Cheques of ₹20,000 deposited in the bank
18.(ख) निम्नलिखित में से कौन-सा लाभांश के वितरण के लिए उपलब्ध है? (1)
(A) राजस्व आरक्षित (B) पूंजी आरक्षित
(C) पूंजी विमोचन आरक्षित (D) प्रतिभूति प्रीमियम आरक्षित
Which of the following is available for distribution of dividend?
(A) Revenue reserve (B) Capital reserve
(C) Capital redemption reserve (D) Securities premium reserve
नोट:

प्रश्न संख्या 19 एवं 20 में दिए गए कथनों के सामने 'सत्य' अथवा 'असत्य' अंकित करें तथा उन्हें अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखें।
Note:
In Question No. 19 & 20, mark 'True' or 'False' against the given statements and write them in your answer book.

19. क्षैतिज विश्लेषण एक ऐसी तकनीक है जिसका उपयोग वित्तीय विवरण की मदों का मूल्यांकन करने के लिए किया जाता है, जिसे आधार राशि जैसे बिक्री या कुल बिक्री के प्रतिशत के रूप में दर्शाया जाता है। (1)
Horizontal analysis is a technique used to evaluate financial statement items as a percentage of base amount such as sales or total sales.
20. मूल्यह्रास एक गैर-नकद मद है जिसे अप्रत्यक्ष विधि के तहत परिचालन नकदी प्रवाह की गणना करते समय शुद्ध आय में पुनः जोड़ा जाता है। (1)
Depreciation is a non-cash statement that is added back to net income when calculating operating cash flow under the indirect method.
21. रोकड़ प्रवाह विवरण के कोई दो उपयोग बताइए। (2)
Explain any two uses of Cash Flow Statement.
22. निम्नलिखित जानकारी से निवेश संबंधी गतिविधियों से नकदी प्रवाह की गणना कीजिए। (4)

| **विवरण** | **31 मार्च, 2015 (₹)** | **31 मार्च, 2014 (₹)** |
|---|---|---|
| भूमि में निवेश | 3,00,000 | 60,000 |
| ज़ेड लिमिटेड में शेयर | 1,50,000 | 1,00,000 |
| 12% दीर्घकालिक निवेश | 1,40,000 | 2,00,000 |
| संयंत्र एवं मशीनरी | 7,40,000 | 6,00,000 |
| पेटेंट्स | 3,00,000 | 2,00,000 |
| गुडविल | 2,00,000 | 2,00,000 |

**अतिरिक्त जानकारी**
(i) एक भूमि का टुकड़ा अधिशेष धन से निवेश के रूप में खरीदा गया। इसे वाणिज्यिक उपयोग हेतु किराए पर दिया गया था और ₹40,000 का किराया प्राप्त हुआ।
(ii) ज़ेन लिमिटेड से 12% लाभांश प्राप्त हुआ।
(iii) पेटेंट्स को ₹40,000 तक लिखकर घटाया गया।
(iv) ₹1,00,000 लागत की एक मशीन (जिस पर ₹60,000 की मूल्यह्रास दी गई थी) ₹70,000 में बेची गई। वर्ष के दौरान ₹1,40,000 का मूल्यह्रास लगाया गया।
(v) वर्ष के दौरान 12% निवेश ₹2,00,000 में खरीदे गए और कुछ निवेश ₹20,000 के लाभ पर बेचे गए। वर्ष के लिए निवेश पर ब्याज विधिवत प्राप्त हुआ।

Calculate cash flow from investing activities from the following information.

| **Particulars** | **31st March, 2015 (₹)** | **31st March, 2014 (₹)** |
|---|---|---|
| Investments in Land | 3,00,000 | 60,000 |
| Shares in Z Ltd | 1,50,000 | 1,00,000 |
| 12% Long-term Investments | 1,40,000 | 2,00,000 |
| Plant and Machinery | 7,40,000 | 6,00,000 |
| Patents | 3,00,000 | 2,00,000 |
| Goodwill | 2,00,000 | 2,00,000 |

**Additional Information**
(i) A piece of land was purchased as an investment out of surplus. It was let out for commercial purpose and the rent received was ₹40,000.
(ii) Dividend received from Zen Ltd @ 12%.
(iii) Patents written off to the extent of ₹40,000.
(iv) A machine costing ₹1,00,000 (depreciation provided thereon ₹60,000) was sold for ₹70,000. Depreciation charged during the year was ₹1,40,000.
(v) During the year 12% investments were purchased for ₹2,00,000 and some investments were sold at a profit of ₹20,000. Interest on investments for the year was duly received.

23. निम्नलिखित मदों को कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची III के अनुसार कंपनी की बैलेंस शीट में किन प्रमुख शीर्षकों और उप-शीर्षकों के अंतर्गत प्रस्तुत किया जाएगा, यह बताइए: (4)

(i) सामान्य आरक्षित निधि (ii) अल्पकालिक ऋण और अग्रिम

(iii) पूंजीगत प्रगति कार्य (iv) डिज़ाइन.

State under which major headings and sub-headings the following items will be presented in the balance sheet of a company as per Schedule III of the Companies Act, 2013:

(i) General Reserves (ii) Short-term Loans and Advances

(iii) Capital Work-in-Progress (iv) Design.

24. नीचे दी गई जानकारी के आधार पर निम्नलिखित अनुपातों की गणना कीजिए (कोई दो) (6)

(i) सकल लाभ अनुपात (ii) भंडार (स्टॉक) परिक्रमण अनुपात

(iii) ऋण-से-इक्विटी अनुपात (iv) कार्यशील पूंजी परिक्रमण अनुपात

जानकारी

संचालन से राजस्व (शुद्ध बिक्री) ₹ 7,87,500; वस्तुओं की लागत या संचालन से राजस्व की लागत ₹ 3,95,600। चालू देनदारियाँ ₹ 2,37,000; दीर्घकालिक ऋण ₹ 87,000; चालू परिसंपत्तियाँ ₹ 3,99,000; इक्विटी शेयर पूंजी ₹ 3,75,000; 8% डिबेंचर ₹ 1,25,000 और औसत भंडार ₹ 1,97,800.

On the basis of information given below calculate following ratios (any two)

(i) Gross profit ratio

(ii) Inventory (stock) turnover ratio

(iii) Debt to equity ratio

(iv) Working capital turnover ratio

Information

Revenue from operations (Net sales) ₹ 7,87,500; cost of goods sold or cost of revenue from operations ₹ 3,95,600. Current liabilities ₹ 2,37,000; long-term loan ₹ 87,000; current assets ₹ 3,99,000; equity share capital ₹ 3,75,000; 8% debentures ₹ 1,25,000 and average inventory ₹ 1,97,800.